मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-152
23/03/2021

सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वसंतोत्सव' का विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्‌घाटन

पटना, 23 मार्च 2021 :– बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर बिहार विधानसभा बजट सत्र 2021 के समापन की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वसंतोत्सव' का उद्‌घाटन किया। बिहार विधानमंडल परिसर में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, भारतीय नृत्य कला मंदिर एवं 'किलकारी' बिहार बाल भवन, पटना के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गयी। सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के पश्चात् कार्यक्रम में बिहार गाथा एवं सूफी संगीत की प्रस्तुति दी गयी। डॉ0 रीता दास ने सरोद वादन की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक श्री जीतन राम मांझी सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण एवं बिहार विधानसभा के सदस्यगण उपस्थित थे।

******